सार-समाचार

नवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ

कपासन, (निसं)। नगर पालिका की ओर से नवरात्रि के उपलक्ष में 9 दिवसीय रामलीला मंचन और मंदिरों पर झांकियां का कार्यक्रम गुरुवार रात शुरू किया गया। नवरात्रि में कस्बे के मंदिरों पर अलग-अलग धार्मिक झाकियां सजाई जाएगी। रामलीला का मंचन नगर पालिका के बाहर किया जा रहा हैं। नपा उपाध्यक्ष ऐजाज अली ने बताया कि नगर पालिका की ओर से नवरात्रि पर 9 दिवसीय रामलीला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अर्जुनलाल थे। अध्यक्षता नपा अध्यक्ष मंजुदेवी सोनी ने की। पूजा अर्चना के साथ आरती कर रामलीला की विधिवत शुरुआत की गई। जिसमें काशी बनारस की श्री धर्म प्रचारक रामलीला मंडल के कलाकार नगर पालिका के बाहर रामलीला का मंचन कर रहें हैं। इस अवसर पर ईओ भानुप्रताप सिंह, पार्षद पुष्पा वैष्णव, अशोक विजयवर्गीय, वंदना दाधीच, सुनीता शर्मा, वंदना सोनी, गोपाल पुर्बीया, हीरालाल बागड़ा, मुकेश पलोड़, पूर्व नपा अध्यक्ष गजेंद्र बाघमार, विकास बारेगामा, आशीष सोनी, अध्यक्ष शंभुलाल बागड़ा, जेईएन खेमराज गुर्जर, वरिष्ठ सहायक गोपाल सुथार, कनिष्ठ सहायक नन्दलाल मेनारिया, प्रकाश शर्मा, सचिन सोनवाल, शांतिलाल खटीक आदि उपस्थित रहे। नगर पालिका की ओर से इससे पूर्व विधायक अर्जुनलाल जीनगर का पालिका अधिशाषी अधिकारी भानु प्रताप सिंह, पालिका अध्यक्ष मंजू देवी सोनी , सहित पार्षदो का उपरना पहनाकर स्वागत किया गया।

डिस्ट्रीब्यूटर से नकदी लूटी

मंडफिया, (निसं)। भादसोड़ा थाना क्षेत्र में एक लूट की वारदात का मामला सामने आया है। समूह लोन देने वाले एक डिस्ट्रीब्यूटर से लगभग 6 लाख रुपए से भी ज्यादा के नगदी बदमाश लूट कर ले गए। डिस्ट्रीब्यूटर ने इस मामले को लेकर भादसोड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार नपानिया निवासी रमेश पुत्र प्रभु लाल मेनारिया (42) मंगलवाड चौराहे पर तुलसी कम्युनिकेशन के नाम से एक दुकान चलाता है जहां पर समूह लोन का कामकाज एवं अलग-अलग कंपनियों से रूपयों का कलेक्शन किया जाता है। डिस्ट्रीब्यूटर मेनारिया ने यहां पर कैश मैनेजमेंट सिस्टम पॉइंट लगा रखा है। रमेश मेनारिया रोज की तरह ही सभी कंपनियों से लगभग 6 लाख 8 हजार 442 रुपए का कलेक्शन लेकर अपने घर नपानिया की ओर बाइक से जा रहा था इसी दौरान घर से लगभग 300 मीटर की दूरी पर पीछे से एक कार आई जिसने रमेश मेनारिया की बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। जिस के कारण रमेश मेनारिया नीचे गिर पड़ा और रूपयों से भरा बैग दूर जाकर गिरा। पीड़ित रमेश मेनारिया ने बताया कि कार में लगभग पांच नकाबपोश बदमाश थे। इसमें से दो - तीन बदमाश नीचे उतरे। तीनों ने पहले इधर-उधर बैग को संभाला लेकिन उसका बैग नहीं मिला तो बदमाशों ने रमेश मेनारिया को लठ्ठ से मारपीट करते हुए पूछा कि बैग कहां है। अचानक एक बदमाश को बैग दूर पड़ा हुआ मिला तो वे लोग बैग उठाकर फरार हो गए। पीड़ित रमेश मेनारिया ने बताया कि बैग में कैश के अलावा आईडी कार्ड, एटीएम कार्ड, मंत्र बायोमैट्रिक डिवाइस, अकाउंट ओपनिंग किट, बीओबी व एसबीआई बैंक के चेक बुक, पासबुक, प्रोपराइटर सेल, डेबिट कार्ड, आरसी, लाइसेंस, पर्स में रखे 7 हजार रुपए नगद, एक मोबाइल और फोटो भी रखा हुआ था।

पेसिफिक में फ्रेशर पार्टी का आयोजन

उदयपुर, (कासं)। पेसिफिक विश्वविद्यालय के प्रबन्धन संकाय में एम.बी.ए. के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के स्वागत में फ्रेशर पार्टी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ में फैकल्टी ऑफ मैनेजमेन्ट के डीन, प्रोफेसर दिपिन माथुर एवं फैकल्टी गणों ने किया। वरिष्ठ विद्यार्थियों ने नवागन्तुक छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत किया। फैकल्टी ऑफ मैनेजमेन्ट के डीन ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को आज के चुनौतीपूर्ण वातावरण में अपनी पहचान बनाने हेतु संवाद-कौशल, त्वरित निर्णय क्षमता, मल्टीटास्कींग आदि में पारंगत होने पर बल दिया।कार्यक्रम में सीनियर एवं जूनियर के 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया एवं मनभावन नृत्य एवं गायन की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मिस्टर एवं मिस फ्रेशर प्रतियोगिता थी। इस प्रतियोगिता में 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। मिस्टर फ्रेशर आफताब हुसैन और मिस फ्रेशर अशनिका शर्मा को चुना गया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक डा. पुष्पकान्त शाकद्वीपी, डा. नरेन्द्र सिंह चावड़ा, डा. पल्लवी मेहता, डा. खुश्बु अग्रवाल, डा. जया शर्मा, विवेक शर्मा एवं डा. गौरव जोशी थे। इस कार्यक्रम के समन्वयक डा. अली यावर रेहा थे।

शारदीय नवरात्र को लेकर गली-मोहल्ले में गूंजने लगी गरबा धुन

राजसमंद/डूंगरपुर, ०(निसं)। शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन शुक्रवार को शहर सहित जिलेभर के शक्तिपीठ के मंदिरों सहित देवालयों में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के आयोजन किए गए। रात्रि में भजन संध्या, गरबा महोत्सव सहित शक्तिपीठ के मंदिरों में बिराजित माता रानी को आकर्षक श्रंगारित कर विभिन्न आयोजन किए जा रहे है।

शहर के आवरीमाता मंदिर, अन्नपूर्णा माता मंदिर, गेवर माता, अम्बा माता, धुंधलाज माता, चामुण्डा माता भोईवाडा, राठासेण माता, नाहरसिंह माता सहित जिले के प्रसिद्ध शक्तिपीठ

- **मंदिरों में सुबह से शाम तक दर्शनों के लिए लगी रही भक्तों की भीड़**
- **डांडियों की खनक से गुलजार हुए पूजा स्थल**

दोवडा माता, बैराठ माता, विकावास माता, सिंम माता, जलदेवी माता मंदिरों में नवरात्री को लेकर विशेष अनुष्ठान किए जा रहे है। शहर के राठासेण माता मंदिर, आवरी माता मंदिर, अन्नपूर्णा माता मंदिर, गेवर माता सहित कई मंदिरों में विशेष साज-सज्जा की गई है। साथ ही सुबह और शाम को विशेष आरती की जा रही है।

नवरात्र के चलते सुबह से देररात्रि के चलते मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालु मां भगवती के दर्शन कर घर-परिवार में सुख शांति की कामना करना कर रहे हैं।शारदीय नवरात्रि के मौके पर शहर के गली मोहल्लों में कई स्थानों पर पांडाल सजा कर माता की प्रतिमाओं की स्थापना के साथ ही प्रमुख स्थानों पर महोत्सव के दूसरे दिन डांडिया महोत्सव शुरू हो गए। रॉयल ग्रुप की ओर से शहर के द्वारकेश वाटिका में भव्य गरबा रास महोत्सव का आगाज गुरूवार को माता की प्रतिमा स्थापना के साथ ही शुरू हो गया। पाण्डाल में वैदिक मंत्रोंच्चार के साथ हवन यज्ञ के साथ ग्रुप सदस्यों की मौजूदगी में माताजी की प्रतिमा स्थापित की गई। रंग-बिरंगी फर्रियों, पुष्पपत्तियों, बांदनवार एवं रंग-बिरंगी रोशनी से सुसज्जित पाण्डाल में संध्या वेला में आरती के साथ माताराणी के गगनभेदी जैकारों के बीच गरबा रास शुरू हुआ। इस दौरान ग्रुप अध्यक्ष हेमंत पालीवाल, पूर्व सभापति सुरेश पालीवाल, जगदीश पालीवाल, विनित सनाढ्य, गोविंद सनाढ्य, लव कुमावत, सानिध्य पालीवाल, लखन जोशी, तन्मय कुमावत, चिराग कुमावत, विपुल पालीवाल, पूजा पालीवाल, पूजा गुर्जर, सहित युवा मौजूद थे। रोशनी से लदकद पाण्डाल में बिराजित माता की आरती के बाद ग्रुप की ओर से आयोजित गरबा महोत्सव के पहले दिन सामूहिक कन्या पूजन कार्यक्रम में 201 कन्याओं को पण्डित शशिकांत दिक्षित के वैदिक मत्रों के साथ कुमकुम का टीका, मोली बांधी तथा चुनरी ओढाकर पूजन किया गया।

डूंगरपुर संवाददाता के अनुसार : जिले भर में घट स्थापना के साथ ही गरबा स्थलों पर गुरूवार रात को पहले दिन मध्यरात्रि तक डांडियो की खनक से गरबा स्थल गुंजते रहे। वही दूसरे दिन शुक्रवार को ब्रह्मचारिणी मॉ की पूजा अर्चना की गई। वही जिले भर के शक्तिपीठ स्थलों तथा शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रो के गरबा स्थलों पर डांडियों की खनक गुंजती रही। जिसमे बढ-चढकर धर्म प्रेमियों ने भाग लिया। इसी के चलते घट स्थापना के साथ ही जहां नवरात्रि स्थलो को आकर्षक रोशनी व अन्य साज सज्जा से सजाया गया है। रात्रि को मंदिर स्थलों पर आरती के पश्चात अधिकांश स्थानों पर तो डीजे व आर्केस्टा की धून पर गरबा खेले गये वही शहर के कंसारा चौक व सोनिया चौक में पारम्परिक लोक गीतों की मधुर स्वर लहरिया पर श्रद्धालु प्रेमी जमकर थिरके। इस दौरान देवी मंदिरों में प्रतिमाओ की मनोहारी आंगी भी की गई थी। वही शहर के फौज का बडला स्थित महालक्ष्मी मंदिर,अम्बामाता स्थित दैवी मंदिर, दर्जीवाडा स्थित खोडियालमाता मंदिर,भावसारवाडा स्थित हिंगलाजा मंदिर, कंसारा चौक स्थित कालीका मंदिर, न्यू कॉलोनी स्थित अम्बा माता मंदिर, पुलिस लाईन स्थित मॉ रूद्राणी देवी मंदिर, शास्त्री कॉलोनी, पत्रकार कॉलोनी व हाउसींग बोर्ड स्थित जगदम्बा मंदिर स्थलों पर जमकर श्रद्धालु देर रात तक गरबा खेलते रहे।

डूंगरपुर में वैदिक मंत्रोचार से घट स्थापना में भाग लेते श्रद्धालु।

9.70 लाख की ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

- **ऑनलाइन ट्रेडिंग में अच्छे मुनाफे का दिया लालच**

डूंगरपुर, (निसं)। साइबर थाना पुलिस ने ऑनलाइन ठगी करने वाले को एक शातिर ठग को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने 9.70 लाख रुपए की ठगी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी गुजरात के मेहसाणा का रहने वाला है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

साइबर थानाधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि 27 मार्च को दिलीप मेघवाल पुत्र धुलेश्वर मेघवाल निवासी खुदारडा ने मामला दर्ज करवाया था। रिपोर्ट में बताया कि 20 फरवरी को उसके पास एक कॉल आया कि आप अपना डीमैट खाता खुलवाकर ऑनलाइन ट्रेडिंग टिप डिब्बा ट्रेडिंग कार्य करो, जिसमें काफी अधिक मुनाफा कमा सकते हो, जिस पर डीमैट अकाउंट खुलवाकर कॉल करने वाले व्यक्ति के साथ में काम करने लगा। उस व्यक्ति ने ट्रेड खरीदने के नाम पर अलग.अलग अकाउंट में 9 लाख 70 हजार रुपए ट्रांसफर करवाए। इसके बाद मुनाफे की बात करने पर वह उसे झूठी दिलासा देता रहा। बार-बार पूछने पर उसने फोन आउट ऑफ कर दियाए जिस पर उसे ठगी का अहसास हुआ। मामले में साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी। अकाउंट डिटेल का पता लगाने पर मुख्य आरोपी देवसिंह उर्फ बकाजी पुत्र रामसंग ठाकोर निवासी वागाजी पूरा गोठवा थाना विसनगर हाल वडनगर जिला मेहसाणा गुजरात का पता लगा। पुलिस ने आरोपी के बारे में सादे वर्दी में पता लगाया। आरोपी के ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर लोगों से ठगी करने की वारदातों का लगा लगा। पुलिस ने आरोपी देवसिंह उर्फ बडला को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, पुलिस ऑनलाइन ठगे गए रुपयों की बरामदगी के प्रयास कर रही है।

कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)
Email: np_ntd@yahoo.in Ph. 02953-233526

क्रमांक :- न.प.नाथ./नामा./2024/11559 दिनांक : 01.10.2024

- : आपत्ती सूचना :-

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	नाम आवेदक मय पता	आवेदित सम्पत्ति कापता	पड़ौस का विवरण			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1.	श्री विनोद कुमार वर्मा पिता श्री रामस्नेही वर्मा, नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या 01, सुखाड़िया नगर, नाथद्वारा	मकान श्रीमती गिता पालीवाल	भूखण्ड श्री दाउलाल शर्मा	कच्चा रास्ता 40 चौड़ा	भूखण्ड श्री दिनेश चन्द्र पंवार

आयुक्त, नगपालिका नाथद्वारा

कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)
Email: np_ntd@yahoo.in Ph. 02953-233526

क्रमांक :- न.प.नाथ./उप.एकी./2024/11511 दिनांक : 30.9.2024

- : आपत्ती सूचना :-

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का पुनर्गठन/उपविभाजन का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर पूर्नगठन/उपविभाजन कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	नाम आवेदक मय पता	आवेदित सम्पत्ति कापता	पड़ौस का विवरण			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1.	श्री विनोद कुमार वर्मा पिता श्री रामस्नेही वर्मा, नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या 01, सुखाडिया नगर, नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या-02	श्री दाउलाल गुर्जर गौड का भूखण्ड	रोड़ 20 फिट	भूखण्ड संख्या-03

आयुक्त, नगपालिका नाथद्वारा

सड़क खस्ताहाल, ग्रामीण परेशान

भीण्डर, (निसं)। भीण्डर के करणी माता मन्दिर से लालपुरा वाया जेतपुरा तक बनाई करोडों की सडक केवल तीन माह में पानी में बह गई। सडक में सैकडों जगह बडे-बडे गड्डे हो चूके हैं तो वहीं पुलिया का निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों को पानी में से होकर गुजरना पड रहा है। इसको लेकर जेतपुरा के ग्रामीणों ने भीण्डर उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंप करके सडक का पुन: निर्माण करवाने की मांग की है।

सडक पर जगह-जगह हो चूके हैं गड्डे: करणी माता मन्दिर से लालपुरा तक बनाई गई सडक में सैकडों जगह पर गड्डे हो चुके है। ग्रामीणों का आरोप हैं कि ठेकेदार ने घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग करने के कारण बारिश से पहले सडक का निर्माण हुआ था और तीन माह में ही सडक पर जगह-जगह डामर उखडकर बडे-बडे गड्डे हो चुके है। वहीं पूरी सडक पर क्रंकीट उखड उखड कर जा रही है। ग्रामीणों का आरोप हैं कि विभाग के अधिकारियों ने सडक की सही जांच भी नहीं की और ना ही ठेकेदार को गुणवत्तायुक्त सडक बनाने के लिए पाबंध किया।

अधूरी सडक और पानी से राहगीर परेशान: करणी माता मन्दिर से लालपुरा तक बनाई गई सडक में कई जगहों पर सडक का निर्माण ही नहीं हुआ है। जिसमें फोजवडली के बाहर सडक का काम अधूरा छोड रखा हैं उसके बाद जेतपुरा गांव से पहले पुलिया नहीं होने से पानी भरा हुआ होने से राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है। वहीं जेतपुरा गांव में सडक का निर्माण नहीं करवाया गया।

ग्रामीणों ने सौंपा उपखण्ड अधिकारी का ज्ञापन: जेतपुरा के ग्रामीणों ने बताया कि उक्त तीन माह पहले किये गये निर्माण कार्य आधा-अधूरा पडा हुआ है। पुलिया का निर्माण भी नहीं किया गया, डामर रोड 15 दिनों में टूट गई। सडक किनारे मिट्टी भी नहीं डाली गई। पीडब्ल्यूडी विभाग को भी शिकायत करने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की गई। इस सडक पर स्कूल-कॉलेज होने से यहां प्रतिदिन सैकडों छात्र-छात्रा गुजरते है। इसलिए उक्त सडक की जांच करवाते हुए तुरंत निर्माण कार्य करवाया जाएं। इस दौरान सैकडों ग्रामीण उपस्थित रहे।

भींडर में सड़क पर क्रंकीट उखड़ी।

दो शातिर चेन स्नेचर गिरफ्तार

डूगरपुर। धंबोला थाना पुलिस ने शुक्रवार को दो शातिर चेन स्नेचर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 3 तोले सोने की एक चेन भी बरामद की है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। धंबोला थाने के एसआई मणिलाल ने बताया कि ढूंढरिया गांव में 25 जुलाई को बाइक सवार दो बदमाशों ने एक महिला के साथ चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम दिया था। बदमाश महिला के गले से 3 तोले सोने की चेन लूटकर फरार हो गए थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। इसके बाद से पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही थी। जांच के दौरान पुलिस को बदमाशों के बारे में कई सुराग मिले। पुलिस ने आरोपी गुजरात के संतरामपुर निवासी सलीम बंजारा और एमपी निवासी गुलरेज खान को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने वारदात को करना कबूल किया।

प्रारूप-10 (नियम-6(7) देखिए)

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद, राजसमन्द

सं.4052 **लोक-सूचना** दिनांक :4/10/24

श्री पंकज तिवारी पिता श्री ललन तिवारी निवासी मकान संख्या 0 कॉलोनी सनसिटी के पीछे, कांकरोली एवं श्री प्रवीण माली एचयूएफ कर्ता श्री प्रवीण माली पिता श्री भंवरलाल माली निवासी 100 फीट रोड मालीवाड़ा राजनगर द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

क्र.स.	जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्र
1	राजसमन्द	धोईन्दा	1874	कुल रकबा 0.2590 हैक्टेयर भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ।

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 4/10/24 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर परिषद, राजसमन्द

राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आतिशी आगाज

बांसवाडा । राज्य स्तरीय 19 वर्ष छात्रा क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन राजकीय नूतन उमावि खेल मैदान पर हुआ। राजस्थान के 41 जिलों से आयी टीमों के खिलाडियों ने आरम्भ में आकर्षक मार्च पास्ट किया। मुख्य अतिथि समाजसेवी संजय मारवाडी रहे जबकि अध्यक्षता जिला शिक्षाधिकारी शफब अंजुम ने की एवं विशिष्ट अतिथि समाजसेवी हरीश कलाल, सीबीईओ रेखा रोत, एडीईओ दलसिंह अमलियार रहे। अतिथियों ने खिलाडियों को खेल भावना से खेलने का आ ान किया। संयोजक प्रधानाचार्य

- **बहरोड टीम ने पहले खेलते हुए एक विकेट पर 92 रन बनाए वहीं डूंगरपुर ने दो विकेट के नुकसान पर 93 रन बनाकर मैच जीता**

राजीव जुआ ने अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रतियोगिता का परिचय दिया। कार्यऋम में निदेशालय से प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक विनोद निनामा, उप जिला शिक्षाधिकारी शारीरिक शिक्षा बापूलाल माली ने भी विचार व्यक्त किये।

समारोह में विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। संचालन विनोद पानेरी, मंजू वर्मा व हितेश जोशी ने संयुक्त रूप से किया जबकि आभार उप प्राचार्य अनिता शर्मा ने माना। उद्घाटन मैच रातीतलाई डूंगरपुर व बहरोड के बीच नूतन खेल मैदान पर हुआ। बहरोड टीम ने पहले खेलते हुए एक विकेट पर 92 रन बनाए वहीं डूंगरपुर ने दो विकेट के नुकसान पर 93 रन बनाकर मैच जीता। डूंगरपुर 8 विकेट से विजयी रही। दूसरे मैच में राजसमन्द की टीम नहीं आने पर भरतपुर को वाक ओवर दिया गया। लीयो मैदान पर खेले गए मैच में जयपुर ग्रामीण ने पहले खेलते हुए 2 विकेट पर 124 रन बनाए। जवाब में जालोर टीम 55 रन पर सिमट गई। इसी तरह एमएसबी मैदान पर पहले मैच में झालावाड टीम के नहीं आने पर बाडमेर को विजेता घोषित किया गया। दूसरे मैच में केकडी व धौलपुर के बीच प्रस्तावित मैच में केकडी को वाक ओवर दिया गया। हरिदेव जोशी खेल स्टेडियम ठीकरिया में बीकानेर और दौसा के बीच मैच खेला गया जिसमें बीकानेर ने 20 रन से मैच जीतकर अगले चक्र में प्रवेश किया।

राज्य स्तरीय 19 वर्ष छात्रा क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन पर मंचासीन अतिथि।

कार्यालय राजस्थान मेडिकेयर रीलिफ सोसायटी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुकावास, ब्लॉक-कोटडा (उदयपुर)

क्रमांक:/निविदा/2024-25/12 दिनांक:-04.10.2024

निविदा-सूचना

कार्यालय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुकावास, ब्लॉक कोटडा, जिला उदयपुर (राज.) पर वर्ष 2024-25 में इस कार्यालय के अधिन डिलीवरी पोंईटं चिकित्सा संस्थान पर सफाई व्यवस्था हेतु अनुभवी एवं पंजीकृत सेवा प्रदाता एजेन्सी से उक्त कार्य हेतु निविदा आमन्त्रित की जाती है, निविदा प्रपत्र दिनांक 05.10.2024 से 09.10.2024 को 04.00 बजे तक बेची जायेगी तथा दिनांक 10.10.2024 को दोपहर 12.00 बजे तक प्राप्त की जाकर निविदा दिनांक 10.10.2024 को ही 02.00 बजे गठित कमेटी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी :-

क्र. सं.	कार्य का नाम	अवधि	अनुमानित लागत (रूपये में)	धरोहर राशि (रूपये में)	निविदा शुल्क (रूपये में)
1.	सफाई व्यवस्था (सफाई कर्मचारी मय सफाई सामग्री)	वित्तिय वर्ष 2024-2025	120000/-	2400/-	400/- रूपया

शर्ते :-

1. धरोहर राशि ''डी.डी.'' द्वारा ''राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुकावास' के नाम से माण्डवा में देय होगी।
2. निविदायें निहित प्रारूप में प्रस्तुत की जावेगी जिन्हें इस कार्यालय से नकद भुगतान पर प्राप्त किम जा सकता है।
3. निविदा शर्ते कार्यालय में उपलब्ध है जिन्हें निविदादाता किसी भी कार्य दिवस समय में उपस्थित होकर देख सकता है।
4. समिति न्यूनतम दर वाली निविदा को स्वीकार करने हेतु बाध्य नहीं है तथा यह किसी भी निविदा या निविदा के किसी भाग को बिना कोई कारण बताये रद्ध कर सकता है।
5. दरें संस्थान हेतु देना अनिवार्य होगा।

सचिव
राजस्थान मेडिकेयर रीलिफ सोसायटी एवं चिकित्सा प्रभारी, कुकावास, ब्लॉक-कोटडा (उदयपुर)